## एक नजर में

### ई-केबिनेट एप्लीकेशन का प्रशिक्षण

**भोपाल.** मुख्य सचिव अनुराग जैन के निर्देश पर मंत्रालय में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के विशेष सहायकों, विशेष कर्त्तव्य अधिकारियों और निज सचिवों को ई-केबिनेट एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया. इसका उद्देश्य शीघ्र ही केबिनेट बैठकें डिजिटल माध्यम से आयोजित करना है. प्रशिक्षण मुख्य सचिव कार्यालय के उपसचिव डीके नागेंद्र, एनआईसी के डायरेक्टर अमित जैन और रजिस्टार वल्लभ भवन मनोज श्रीवास्तव ने दिया. इसमें प्रतिभागियों को एजेंडा की आवश्यकता, डिजिटल दस्तावेज़ों का सुरक्षित और स्मार्ट प्रबंधन, और बैठक की तैयारी एवं समीक्षा में आसान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई.

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई दो पटवारी निलंबित

**मुरैना.** जिले में राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सबलगढ़ अनुभाग के दो पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई राजस्व कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है. कलेक्टर द्वारा जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग में पटवारीवार राजस्व कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए थे. इसी क्रम में सबलगढ़ अनुभाग में की गई समीक्षा के दौरान दो पटवारियों की गंभीर लापरवाही सामने आई.

### स्थानांतरण के बाद भी फाइलें निपटा रहे रजिस्ट्रार

**रीवा.** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सुरेन्द्र सिंह परिहार पर उच्च शिक्षा विभाग के आदेशों की अनदेखी का आरोप है। भोपाल से जारी आदेश में उनकी पदस्थापना मूल विभाग में करने और नीरजा नामदेव को रजिस्ट्रार का प्रभार देने के निर्देश थे, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी न तो परिहार ने कार्यमुक्त होकर मूल पद पर उपस्थिति दर्ज कराई और न ही प्रभार सौंपा गया। आरोप है कि इस दौरान वे वित्त से जुड़ी फाइलों का निपटारा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नीरजा नामदेव ने प्रभार न मिलने की शिकायत भोपाल में दर्ज कराई है। परिहार मूल रूप से कन्या महाविद्यालय में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर हैं और प्रतिनियुक्ति पर पांच वर्षों से रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत रहे।

# 78 .61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

- देश के विकास की गति और तेज होगी : मुख्यमंत्री
- समग्र विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही सरकार



**भोपाल,2 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार 'समग्र विकास' के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है और अब मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से अग्रसर है.**

विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही सरकार का लक्ष्य है. नागरिकों की समृद्धि और खुशहाली ही सरकार का वास्तविक पारितोषिक है. मुख्यमंत्री शुक्रवार को उज्जैन जिले के खाचरौद में 78.61 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने खाचरौद को 39 विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 48.51 करोड़ रुपये के 16 कार्यों का लोकार्पण तथा 30.10 करोड़ रुपये के 23 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है.

> मुख्यमंत्री ने 35.40 करोड़ रुपये की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय भवन और 11.30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय शिक्षा के पवित्र मंदिर हैं, जो बच्चों के बेहतर और सुनहरे भविष्य की नई इबारत लिखेंगे. कृषि मंडी प्रांगण में किसानों की सुविधा के लिए विश्राम भवन, भोजनालय और पेयजल की व्यवस्था की गई है.



# बर्फीली हवाओं और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बढ़ी ठंड

**भोपाल, 2 जनवरी. उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से मध्य प्रदेश के मौसम ने एक बार फिर यू-टर्न ले लिया है।**

प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड के साथ मावठ का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने एमपी के पांच जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि कई इलाकों में मध्यम से अति घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। गुरुवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना और दतिया में दिन के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। सबसे कम अधिकतम तापमान दतिया में 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि ग्वालियर में 16.5, मुरैना में 18.9 और शहडोल में 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो पंचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। खजुराहो और शिवपुरी में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, जबकि रीवा और राजगढ़ में 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा, हालांकि दतिया जिले में शीतल दिन की स्थिति बनी रही।

प्रदेश के कई जिलों में मध्यम, घना और अति घना कोहरा छाने की संभावना है। ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, सतना, पन्ना और बुंदेलखंड के अन्य जिलों में अति घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

> चंबल संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। ग्वालियर और सागर संभाग में भी तापमान 2.2 से 2.5 डिग्री तक गिरा। वहीं भोपाल, जबलपुर और शहडोल संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में उज्जैन और जबलपुर संभाग में 2.2 से 2.6 डिग्री तक बढ़ोतरी देखी गई, जबकि शहडोल संभाग में यह बढ़ोतरी 4.4 डिग्री तक रही। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और ऊपरी वायुमंडल में तेज उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं, जिससे मौसम में यह बदलाव आया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी मजबूत होना आवश्यक

## 'बूथ चलो, गाँव चलो' से कांग्रेस होगी मजबूत : पटवारी



विशेष संवाददाता

**भोपाल,2 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के तहत शुक्रवार को विदिशा जिले की ठर और अहमदपुर पंचायतों में ग्राम पंचायत कांग्रेस समितियों का गठन किया गया।**

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि जब तक गाँव स्तर पर कांग्रेस मजबूत नहीं होगी, तब तक प्रदेश भी मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनने का माध्यम है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, विदिशा विधानसभा प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह एवं मनोज कपूर, पूर्व विधायक निशंक जैन, सिरोंज विधानसभा प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा समेत 4 गिरफ्तार

- डॉ. अंबेडकर के अपमान पर बवाल

**ग्वालियर,2 जनवरी. ग्वालियर में डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र का कथित रूप से अपमान करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है. आरोप है कि कुछ लोगों ने अंबेडकर का चित्र जलाया और आपत्तिजनक नारेबाजी की.**

पुलिस ने आरोपी वकील अनिल मिश्रा समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां सभी की जमानत अर्जी खारिज हो गई. कोर्ट ने अनिल मिश्रा को मेडिकल आधार पर अस्पताल में भर्ती कराने और अन्य तीन को जेल भेजने का आदेश दिया है. इस पूरे प्रकरण में सात नामजद सहित कई लोगों पर एससी एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है.

मामले में अब भी तीन आरोपी फरार हैं. गिरफ्तारी के बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा को लेकर विरोध और नारेबाजी हुई. आरोपियों की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उनके वकीलों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी है, जिस पर कल शनिवार को सुनवाई होगी.

# डीआरएम ने बीना स्टेशन का किया निरीक्षण

- रानी कमलापति से बीना रेलखंड तक विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण
- सुरक्षा से जुड़ी अवसंरचनाओं का अवलोकन किया



**भोपाल,2 जनवरी. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी ने रानी कमलापति से बीना रेलखंड तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, लेवल क्रॉसिंग तथा सुरक्षा से जुड़ी अवसंरचनाओं का गहन अवलोकन किया। बीना स्टेशन पहुंचकर डीआरएम ने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था और संरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता व्यवस्था, बुकिंग कार्यालय, पे-एंड-यूज शौचालय, पेयजल सुविधा, प्लेटफॉर्म पर संचालित खानपान स्टॉल, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यशीलता सहित स्टेशन परिसर की समग्र व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

> यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम त्यागी ने लोको पायलट एवं गार्ड की संयुक्त क्रू-लाबी का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने रनिंग स्टाफ से सीधे संवाद कर ट्रेन संचालन से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, डीआरएम ने बीना स्टेशन पर चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग कार्य का विस्तृत निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की .

# डीजल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

**15 आपराधिक मामले पहले से हैं दर्ज**



**जबलपुर,2 जनवरी. खमरिया थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब थाने के बाहर चेकिंग प्वाइंट पर एक बदमाश ने आत्मदाह का प्रयास कर दिया. अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए पहुंचे बदमाश ने अपने ऊपर डीजल डाल लिया और आग लगाने की कोशिश की.**

गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस स्टाफ ने समय रहते उसका लाइटर छीन लिया और बड़ा हादसा टल गया. इस पूरे हाईवोल्टेज ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध रेत से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया था. इसी दौरान सुंदरपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ बब्लू यादव अपने कुछ साथियों के साथ थाने के बाहर पहुंचा और ट्रैक्टर छोड़ने का दबाव बनाने लगा. पुलिस द्वारा नियमों के तहत कार्रवाई किए जाने की बात कहने पर वह उग्र हो गया. उसने एक्टिवा की डिग्गी से बोतल में भरा डीजल निकाला और अपने ऊपर डाल लिया. स्थिति बिगड़ती देख पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसके हाथ से लाइटर छीन लिया और उसे काबू में किया.

> पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, धर्मेंद्र यादव पर पहले से ही 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में जिला बदर भी हो चुका है. वहीं, दूसरी ओर धर्मेंद्र यादव ने पुलिस पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं. हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में की गई और किसी भी प्रकार की अवैध दबाव या प्रताड़ना नहीं की गई. मामले का वीडियो वायरल होने के बाद घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है.

# इंदौर मामले में लीपापोती का आरोप

## महिला नेत्री रीना ने दोषियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग



विशेष संवाददाता

**भोपाल,2 जनवरी. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने इंदौर के भागीरथपुरा जल कांड पर राज्य सरकार की कार्रवाई को कड़ी आलोचना का निशाना बनाते हुए इसे केवल लीपापोती करार दिया है।**

उन्होंने कहा कि 15 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने के उद्देश्य से सरकार प्रतीकात्मक कदम उठा रही है। शुक्रवार को जारी बयान में सेतिया ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया पर मामला उठाए जाने के बाद ही सरकार हरकत में आई। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति के प्रभारी अतिरिक्त आयुक्त को हटाना और अधीक्षण अभियंता का तबादला करना, इस गंभीर त्रासदी के मुकाबले नाकाफी है।

> तबादला कोई सज़ा नहीं, बल्कि एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की सलाह पर अमल करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी और उदाहरणात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा रवैया अधिकारियों में दंडमुक्ति का संदेश देता है और जनता का भरोसा कमजोर करता है।

### मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट 11-12 जनवरी को भोपाल में

**भोपाल.** मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 का आयोजन 11-12 जनवरी 2026 को रवीन्द्र भवन, भोपाल में किया जाएगा। यह राज्य स्तरीय पहल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश को एक वैश्विक स्टार्टअप गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति प्रस्तावित है. इस आयोजन का उद्देश्य स्टाट 'अप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत, शैक्षणिक एवं वित्तीय संस्थानों और शासकीय विभागों को एक साझा मंच पर लाकर नवाचार आधारित उद्यमशील विकास को गति देना है।

# शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने पर दिया जोर



**भोपाल,2 जनवरी. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नए सत्र में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया.**

उन्होंने कक्षा-एक नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, स्कूटी व लैपटॉप वितरण योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की. प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भविष्य की योजनाओं में गुणवत्ता, समयसीमा और सरल प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए.

मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षण और अन्य वैश्विक भाषाओं का ज्ञान सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने समस्त विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन फरवरी 2026 तक पूरा करने और निजी विद्यालयों में भी कम कीमत पर गुणवत्तायुक्त पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. माध्यमिक स्तर पर एआई, आईटी और कोडिंग आधारित व्यावसायिक शिक्षा को सुचारू रूप से लागू करने तथा कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं और बालिका शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया.

### प्रशिक्षण के लिए डेटा तैयार करने के निर्देश दिए

खेलों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान और प्रशिक्षण के लिए डेटा तैयार करने और सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए. इसके अतिरिक्त, ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लक्ष्य को 2028 तक पूर्ण करने, व्यक्तित्व विकास कक्षाओं का समय पर संचालन, लंबित अनुकंपा नियुक्तियों का संवेदनशीलता से निपटारा और शिक्षकों के नीतिगत स्थानांतरण अप्रैल 2026 में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. यह प्रयास प्रदेश की स्कूली शिक्षा को अधिक सुदृढ़ और गुणवत्ता आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.

**सियासत** मौतें, प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा व कलंकित करने वालीं

# इंदौर मामले में उमा की प्रतिक्रिया बनी चर्चा का केंद्र



**भोपाल, 2 जनवरी. स्वच्छ शहर का खिताब पाने वाले इंदौर में दूषित जल के सेवन के कारण अनेक नागरिकों की मौत के मामले में चहुंओर आलोचना के बीच भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के सोशल मीडिया पर पोस्ट चर्चा का केंद्र बने रहे.**

सुश्री भारती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है, "**1.** साल 2025 के अंत में इंदौर में गंदे पानी पीने से हुई मौतें हमारा प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं. **2.** प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती, गंदगी, जहर मिला पानी, जो कितनी जिंदगियों को निगल गया और निगलता जा रहा है, मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है. **3.** जिंदगी की कीमत दो लाख रुपए नहीं होती, क्योंकि उनके परिजन जीवन भर दुख में डूबे रहते हैं. इस पाप का घोर प्रायश्चित करना होगा, पीड़ितजनों से माफी मांगनी होगी और नीचे से लेकर ऊपर तक जो भी अपराधी हैं, उन्हें अधिकतम दंड देना होगा. **4.** यह मोहन यादव जी की परीक्षा की घड़ी है."

> **सुश्री भारती ने एक और महत्वपूर्ण पोस्ट में कहा-**
> "1. सिर्फ इंदौर के मेयर नहीं, मध्यप्रदेश का शासन एवं प्रशासन, इस महापाप के सभी जिम्मेवार लोग जनता के प्रति अपराध के कटघरे में खड़े हैं.
> 2. मेरी एक्स पर प्रतिक्रिया के बाद मीडिया के पत्रकार भाई बहनों से नहीं मिल पाने के लिए क्षमा मांगती हूं, अभी तीन दिन पहले मेरी दाईं आंख की सर्जरी हुयी है, मोबाइल फोन पर बात करना, धूप, धूल सब पर रोक लगी है, अभी 7 दिन बाहर नहीं निकलना, ना मुलाकात कर पाना है, क्षमा मांगती हूं."
> इन पोस्ट की चर्चा दिनभर सत्ता के गलियारों में चलती रहीं और मीडिया भी सक्रिय हो गया.

सुश्री भारती ने सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा है.

"**1.** इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है कि हमारी चली नहीं. **2.** जब आपकी चली नहीं तो आप पद पर बैठे हुए बिसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? **3.** ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड! "

# नगर निगम कार्यालय पर जंगी प्रदर्शन

## सैंकड़ों लोगों के बीमार होने पर युवक कांग्रेस का प्रदर्शन



**इंदौर, 2 जनवरी. शहर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से मौत और सैकड़ों लोगों के बीमार होने पर युवक कांग्रेस ने जंगी प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला भी जला दिया . इसके बाद कांग्रेस के 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया.**

भागीरथपुरा में जहरीले पानी से 15 लोगों की मौत और 350 सौ से ज्यादा लोगों के बीमार होने पर युवक कांग्रेस ने नगर निगम पर जंगी प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान सरकार, मंत्री, महापौर और नगर निगम के अधिकारी को नींद से जगाने के लिए घंटी बजाकर विरोध प्रदर्शन किया. नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों को निलंबित करने और महापौर, मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की. इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प भी हुई.